तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 25 दिसंबर 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



14 जिला प्रशासन की निःशुल्क कोचिंग से 81 युवाओं का ...





14 सुशासन की संवेदनशील पहल, दिव्यांग मुकेश यादव...




## खबर संक्षेप



### ग्रामसभा को सशक्त, प्रभावी एवं निर्णायक बनाने का लिया संकल्प

**जगदलपुर।** लालबाग मैदान में समाजों के प्रमुखों एवं लोगों ने पेसा दिवस उत्साह, एकता एवं मजबूती के साथ सामूहिक रूप से मनाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर संविधान में निहित पेसा कानून (पंचायत विस्तार अधिनियम) के उद्देश्यों, महत्व तथा आदिवासी समाज को प्राप्त संवैधानिक अधिकारों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। वक्ताओं ने पेसा कानून को आदिवासी स्वशासन, लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा एवं ग्राम स्वराज की रीढ़ बताया। कार्यक्रम के दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि ग्रामसभा को और अधिक सशक्त, प्रभावी एवं निर्णायक बनाया जाएगा, ताकि गांव स्तर पर विकास से जुड़े सभी निर्णय ग्राम सभा के माध्यम से लिए जा सकें और लोकतांत्रिक अधिकारों का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित हो सके। साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों, सामाजिक बुराइयों एवं गलत परंपराओं को समाप्त करने सामूहिक प्रयास करने का भी संकल्प लिया गया। सभी ने संविधान की मयार्दाओं के अंतर्गत रहते हुए आपसी एकता, सामाजिक जागरूकता एवं सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में यह स्पष्ट रूप से कहा गया कि पेसा कानून को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू कराने निरंतर, संगठित एवं लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रखा जाएगा। ताकि आदिवासी समाज के अधिकार सुरक्षित रह सकें और ग्राम स्वराज की अवधारणा साकार हो सके।

### सामाजिक संतुलन को कमजोर करने का प्रयास स्वीकार्य नहीं

**जगदलपुर।** बस्तर में धर्मांतरण को लेकर सामाजिक, धार्मिक और आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि एक मंच पर जुटे । वक्ताओं ने कहा कि बस्तर की पहचान, परंपरा और सामाजिक संतुलन को कमजोर करने के प्रयास किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं होंगे। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि पेसा कानून आदिवासी समाज की आत्मा है और ग्राम सभा उसकी सबसे बड़ी शक्ति। बिना ग्राम सभा की अनुमति किसी भी प्रकार की गतिविधि न केवल असंवैधानिक है, बल्कि आदिवासी अधिकारों का खुला उल्लंघन भी है। धर्मांतरण के मामलों में ग्राम सभा की भूमिका को नजरअंदाज करना सीधे तौर पर कानून और लोकतंत्र को कमजोर करता है। वक्ताओं ने न्यायालयीन फैसलों का उल्लेख करते हुए कहा कि कानून स्पष्ट है और उसका पालन हर हाल में होना चाहिए। दंतेश्वरी मंदिर के सामने आज दोपहर में हुई सर्वसमाज की सभा के पश्चात सभी लोग पैदल मार्च करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम, सर्व आदिवासी समाज से पूर्व विधायक राजाराम तोड़म, विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी, राज बहादुर सिंह राणा, योगेंद्र कौशिक तथा जिला अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता शामिल रहे। संचालन जिला मंत्री नवीन देवांगन ने सभा को संबोधित किया । कार्यक्रम में धर्मांतरण को बस्तर की सामाजिक संरचना के लिए गंभीर चुनौती बताया गया। पेसा कानून की संवैधानिक शक्ति, ग्राम सभा की अनिवार्यता और न्यायालयीन आदेशों का उल्लेख करते हुए वक्ताओं ने एकजुटता का संदेश दिया।



# उरसांगल में खुला नया सुरक्षा कैंप, नक्सल उन्मूलन को मिली नई धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

नक्सल प्रभावित सुदूर अंचल उरसांगल में जिला पुलिस प्रशासन ने नवीन सुरक्षा कैंप स्थापित कर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है। यह कैंप छत्तीसगढ़ शासन की 'नियद नेल्ला नार' योजना के तहत खोला गया है, जिसका उद्देश्य माओवाद प्रभावित इलाकों में सुरक्षा के साथ विकास को गति देना है। कैंप स्थापना के साथ ही सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को साड़ी व कपड़े वितरित किए गए। साथ ही "पोदला उरस्कना" पौधारोपण और "एक पेड़ शहीद की मां के नाम" अभियान के तहत पौधे रोपे गए। सुरक्षा बलों की मौजूदगी से ग्रामीणों में उत्साह और भरोसा नजर आया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, उरसांगल में सुरक्षा कैंप खुलने से नक्सल विरोधी अभियानों में तेजी आएगी। इसके साथ ही आसपास के गांवों को सड़क, पुल-पुलिया, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, पीडीएस, शिक्षा और मोबाइल कनेक्टिविटी जैसी मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इसे क्षेत्र में शांति और स्थायित्व की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## सिविक एक्शन के साथ विकास की शुरुआत

### वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में स्थापना

आईजी सुन्दरराज पी., दंतेवाड़ा रेंज के डीआईजी कमलोचन कश्यप तथा सीआरपीएफ के डीआईजी आनंद राजपुरोहित के मार्गदर्शन में स्थापित किया गया। जिला स्तर पर पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के निर्देशन में पूरी कार्रवाई संपन्न हुई।



### 23 नए कैंप, नक्सल नेटवर्क कमजोर

पुलिस के मुताबिक, वर्ष 2024 से अब तक सुकमा जिले में 23 नवीन सुरक्षा कैंप स्थापित किए जा चुके हैं। इसके परिणामस्वरूप नक्सल नेटवर्क पर दबाव बढ़ा है। इस अवधि में 599 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण, 460 की गिरफ्तारी और 71 माओवादियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। कभी नक्सली गतिविधियों से प्रभावित रहे उरसांगल में अब सुरक्षा बलों की स्थायी मौजूदगी से हालात बदलते दिख रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कैंप खुलने से प्रशासन तक सीधी पहुंच बनेगी और विकास कार्यों को गति मिलेगी।

### मेन रोड में पसरा सन्नाटा, दुकानों को बंद कराते रहे हिंदू संगठन के कार्यकर्ता

# कांकेर घटना के विरोध में स्वस्फूर्त बंद रहा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांकेर जिले के आमाबड़ा में बीते 16 दिसंबर को हुई हिंसा के बाद विरोध में सर्व समाज के आव्हान पर नगर स्वस्फूर्त बंद रहा। दिनभर बाजार वीरान रहे। शाम पांच बजे के बाद दुकानें खोली गईं। बंद को चेंबर समेत जनजातीय सुरक्षा मंच व सर्व समाजों का पूर्ण समर्थन रहा। संभाग के सभी जिलों में बंद सफल रहा। चाय दुकान, गुमटी व ठेलों तक के बंद रहने से लोगों को असुविधा हुई। वहीं पेट्रोल पंप, मेडिकल स्टोर, परिवहन सेवाएं जैसे आवश्यक सेवाओं को बंद से मुक्त रखा गया था।

■ सर्व हिंदू समाज में मतांतरण को लेकर आक्रोश

प्रदेश व्यापी बंद के आव्हान पर संभाग पूरी तरह बंद रहा। बंद का व्यापक प्रभाव न केवल बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में रहा, बल्कि समूचे संभाग में जबर्दस्त असर रहा। सभी जिला मुख्यालय में बंद का व्यापक असर रहा। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में दुकानें खुली दिखी। मेडिकल स्टोर, सरकारी दफ्तर, यात्री बस एवं ट्रेन सेवा, स्कूल, कालेज, पेट्रोल पंप में बंद का असर नही रहा। सरकारी शराब की दुकान खुलीं रही, जहां काफी भीड़ देखी गई। शाम 4 बजे के बाद शहर की कुछ दुकानें कपड़े,किराना व अन्य दुकानें खुली। बंद का असर बस्तर,भानपुरी ,सोनारपाल, आड़ावाल, सेमरा, आम्बागुड़ा, मारकेल, सरगीपाल, परपा, करंजी, पोटानार, बकावण्ड, करपावन्ड,नगरनार, लोहंडीगुड़ा, तोकापाल, दरभा, बास्तानार, नानगुर, धनपुंजी समेत बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर में देखा गया। बंद के दौरान शहर में शांति व कानून व्यवस्था बहाल करने चौक-चौराहों पर पुलिस की टीम तैनात रही।



### सीएम व राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन





हिंदु संगठनों की ओर से कलेक्टर को राज्यपाल व सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें उल्लेख किया गया कि कांकेर आमाबेड़ा घटना की न्यायिक जांच की जाए। जनजातीय समाज पर हमला करने वाले व मतांतरण में शामिल आरोपितों पर सख्त धाराओं के तहत कार्रवाई की जाए। शांतिपूर्ण विरोध कर रहे ग्रामीणों पर बल प्रयोग व प्रशासनिक अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार एसपी कांकेर को निलंबित किया जाए। पांचवी अनुसूचित क्षेत्रों में ग्रामसभा की भूमिका को अधिक सशक्त व प्रभावी की जाए। आदिवासी क्षेत्रों में सक्रिय मिशनरियों के गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। मतांतरण पर रोक संबंधी कानून का सख्ती से परिपालन हो।

### दुकान खोलने पर गर्मागर्मी

मेनरोड में दुकान खोलने पर विवाद हुआ। बंद के दौरान मेनरोड मार्केट में एक व्यवसायी के प्रतिष्ठान का शटर खुला देख बंद समर्थकों ने दुकान मालिक से बंद करने कहा। जिस पर विवाद उत्पन्न हो गया। देखते ही देखते बंद करवा रहे कार्यकर्ताओ का समूह वहां पहुंच गया। वहीं जय श्रीराम के नारे लगाए जाने लगे। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों व वरिष्ठ व्यवसायियों के समझाइश के बाद विवाद समाप्त हुआ और दुकानदार शटर बंद करने सहमत हुआ।

### इनकी रही मौजूदगी

ज्ञापन देने के दौरान विहिप के विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी, विभाग सहमंत्री श्रीनिवास रेड्डी, मुन्ना कोरी, जिलाध्यक्ष शंकर गुप्ता, सर्व हिंदु समाज से धर्मचंद शर्मा, रंजीत पांडेय, विक्रम ठाकुर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# अवैध वन कटाई व वनभूमि पर अतिक्रमण रोका जाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के विभिन्न वन क्षेत्रों में लगातार बढ़ रही अवैध वृक्ष कटाई, वन भूमि अतिक्रमण, मानव, वन्यजीव संघर्ष तथा ग्रामीण एवं आदिवासी समुदायों से जुड़ी समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस ने आज वनमंडलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। आदिवासी नेता हेमंत कश्यप ने बताया कि जिले के अनेक वन क्षेत्रों में अवैध लकड़ी कटाई एवं तस्करी के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। कई गांवों में वन भूमि पर अतिक्रमण, सीमांकन में अनियमितताएं तथा वनकर्मियों की कमी के कारण नियमित गश्त नहीं हो पा रही है, जिससे वन संरक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। यह भी अवगत कराया गया कि मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिसके कारण किसानों की फसलें नष्ट हो रही हैं एवं मवेशियों पर हमले हो रहे हैं। इसके बावजूद प्रभावित ग्रामीणों को समय पर मुआवजा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। साथ ही वनाधिकार कानून के अंतर्गत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक पट्टों की स्वीकृति में भी अनावश्यक देरी की जा रही है। उन्होंने मांग ▶▶| शेष पेज 14 पर

■ युवा कांग्रेस ने वनमंडलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

### अभियान चलाया जाए

अवैध कटाई पर रोक लगाने विशेष अभियान चलाया जाए। सभी बीटों में वन रक्षकों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। अतिक्रमित वन भूमि का सर्वे कर आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा वन संरक्षण, आग नियंत्रण एवं जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से किए जाएँ। ज्ञापन प्राप्त करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया। चेतावनी दी कि यदि समस्याओं पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन करेगा।

# मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने फरसागुड़ा पहुंचकर कश्यप परिवार को बंधाया ढांढस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बुधवार को वन मंत्री केदार कश्यप के गृहग्राम फरसागुड़ा निवास पहुंचकर कश्यप परिवार से मुलाकात की। उन्होंने मंत्री केदार कश्यप और पूर्व सांसद दिनेश कश्यप की माताजी मनकी देवी कश्यप के निधन पर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। विदित हो कि मनकी देवी कश्यप का निधन बीते रविवार 21 दिसंबर को हुआ था। इस दुखद घड़ी में कश्यप परिवार को संबल प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री साय और उप मुख्यमंत्री शर्मा स्वयं उनके निवास पहुंचे। वहां उन्होंने दिवंगत मनकी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने शोकाकुल मंत्री केदार कश्यप, दिनेश कश्यप और अन्य परिजनों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना और उन्हें ढांढस ▶▶| शेष पेज 14 पर



## जरुरतमंद और गरीबों को दिया जाएगा किफायती दर पर आवास

**जगदलपुर।** जरुरतमंद और गरीबों को किफायती दर पर आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रस्तावित अटल आवास योजना फेज दो शुरू की है। आवासहीन अथवा कच्चे भवन के स्थान पर किफायती एवं पक्के छत युक्त आवास उपलब्ध कराने के लिए योजना प्रारंभ की है। बस्तर संभाग अंतर्गत कांकेर जिले के भानुप्रतापुर में प्रस्तावित अटल आवास योजना फेज दो के कार्य स्थल का निरीक्षण किया गया। जिसमें 83 भवनों के लिए 55 बुकिंग प्राप्त है, निविदा स्वीकृत का कयार्देश जारी कर दिया गया है, जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में कार्य शुरू हो जाएगा। इस स्थल का हॉल ही में ▶▶| शेष पेज 14 पर

■ भानुप्रतापुर में प्रस्तावित अटल आवास योजना से बनेगा 83 भवन

# अतिक्रमण करने आए 10 लोगों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर वनमण्डल के अंतर्गत माचकोट परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक आरएफ 1252 में सुकमा जिले के छिंदगढ़ से आए 10 अतिक्रमणकारियों द्वारा वनभूमि को खंडित कर खेती करने के उद्देश्य से वृक्षों की कटाई की जा रही थी। वन विभाग लगातार वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार वन सुरक्षा हेतु अतिक्रमण विरोधी अभियान चला रहा है। इस कड़ी में यह कार्रवाई जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक तिवारी एवं बस्तर वन मंडलाधिकारी के मार्गदर्शन एवं उप वन मंडलाधिकारी, वन परिक्षेत्र माचकोट अधिकारी, वन क्षेत्रपाल अक्षय कश्यप के नेतृत्व में सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। वन सुरक्षा समिति एवं वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा कई दिनों से इन अतिक्रमणकारियों को पकड़ने के लिए कड़ाके की ठंड में भी निरंतर गश्त की जा रही थी। इसके परिणाम स्वरूप छिंदगढ़ से आए नागेश एवं अन्य 9 अतिक्रमणकारियों को रंगे हाथ जंगल में धर दबोचा गया, इनमें 2 आरोपी अवयस्क हैं। इन सभी आरोपियों को पकड़ने के बाद परिक्षेत्र कार्यालय धनपुंजी लाकर पूछताछ किया गया, जिसमें सभी आरोपियों ने खेती करने के उद्देश्य से जंगल में वृक्ष कटाई करते हुए अतिक्रमण किए जाने का प्रयास करना स्वीकार किया। अपराध स्वीकार करने ▶▶| शेष पेज 14 पर



### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

कार्यवाही में परिक्षेत्र सहायक बुधसन बघेल, घुनुराम मरकाम, बनसिंग कर्मा, लच्छूराम मरकाम, परिसर रक्षक घुड़सा राम मंडावी, सुकुलधर बघेल, रमेश कुमार बघेल, राजाराम कश्यप, बामन पोयाम, प्रमोद नेताम, गुलशन बघेल एवं वन सुरक्षा श्रमिकों का विशेष सहयोग रहा।

### ग्रामसभा के मजबूत होने पर ही होगा सबके साथ न्याय, कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

# पेसा कानून दिवस पर जल, जंगल, जमीन रक्षा की उठी आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

29 वां पेसा कानून दिवस लाल बाग मैदान में मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बस्तर के मूल निवासी समाज के लोग उपस्थित रहे। जिसमें पेसा कानून पर अधिकारों की बात हुई। जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान मुख्य वक्ता विजय भाई ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ पंचायतराज अधिनियम, 1993 को निरस्त किया जाए और उसकी जगह संविधान सम्मत संसद द्वारा पारित पेसा कानून का पुष्टीकरण कानून राज्य विधानसभा में पारित कर प्रभावी रूप से लागू किया जाए। उनका कहना था कि पेसा कानून कोई सामान्य पंचायत कानून नहीं, बल्कि संविधान की पांचवीं अनुसूची से निकला स्वशासन का मूल अधिकार है। जिसे राज्य स्तर पर अलग और स्वतंत्र कानून के रूप में लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि संसद द्वारा पारित पेसा कानून की धारा 4(घ) के अंतर्गत प्रत्येक गांव में गांव सरकार तथा धारा 4(ण) के अंतर्गत प्रत्येक अनुसूचित जिले में स्वशासी जिला सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू की जाए। इसके लिए विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और वित्तीय अधिकारों का स्पष्ट हस्तांतरण सुनिश्चित करने वाला कानूनी ढांचा राज्य विधानसभा द्वारा पारित किया जाना चाहिए, ताकि अनुसूचित क्षेत्रों में वास्तविक स्वशासन स्थापित हो सके। सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग जिला अध्यक्ष संतु मौर्य ने कहा कि पांचवीं ▶▶| शेष पेज 14 पर





### रैली निकालकर पहुंचे कलेक्टोरेट

लालबाग में कार्यक्रम पूर्ण होने के बाद गांव गांव से आए लोग नेताओं के साथ रैली के रूप में नारे लगाते हुए कलेक्टोरेट की तरफ रवाना हुए। जहां पहुंचकर अपर कलेक्टर सीपी बघेल को ज्ञापन सौंपा गया।

### ग्रामसभा को मजबूत करना जरूरी

पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेंम ने कहा कि पेसा कानून को सही रूप में लागू करने के लिए सबसे पहले ग्राम सभा को मजबूत करना जरूरी है। जब तक ग्राम सभा सशक्त नहीं होगी, तब तक पेसा कानून का लाभ गांव तक नहीं पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि हम अक्सर कानून की बात करते हैं, लेकिन ग्राम सभा को सक्रिय और अधिकार संपन्न बनाने पर ध्यान नहीं देते। ग्राम सभा ही गांव की असली ताकत है और उसके बिना स्वशासन संभव नहीं है।

### अरावली पर्वत को बचाना जरूरी

सिरीसगुड़ा की मनीषा कश्यप ने कहा कि बस्तर की जल, जंगल और जमीन के साथ-साथ अरावली पर्वत को बचाने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। अरावली पर्वत भारत का फेफड़ा है, जो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। यदि इस पर्वत श्रृंखला को नष्ट किया गया, तो यह ऐसा होगा जैसे देश के फेफड़े निकाल दिए जाएं। इससे हवा, पानी और जलवायु पर गंभीर असर पड़ेगा।

### अटल स्मृति दिवस पर भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष मना रही है। 25 दिसम्बर को अटल स्मृति दिवस के रूप में मनाते हुये विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार की सुबह श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड स्थित अटल उद्यान में कार्यकतार्ओं ने ▶▶| शेष पेज 14 पर







समस्त बस्तरवासियों को क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं
हैप्पी Birthday Yeshu
पार्षद
सूर्या पानी
मदनमोहन मालवीय वार्ड-44


Borewells
योना मिलांगी बोरवेल
MERRY CHRISTMAS
& HAPPY NEW YEAR
5,6,7,8 इंच का नलकूप खनन • पुराना ट्यूबवेल में गहरीकरण
• जियोलाजिस्ट द्वारा पानी की जांच • घरेलु जरुरत हेतु कम्प्रेसर के द्वारा नलकूप खनन • पाइप के द्वारा बोर का सफाई • बर्मा के द्वारा बोर का सफाई
• सबमर्शिबल पम्प एवं हैंडपम्प की स्थापना • गारंटी एवं नॉन गारंटी नलकूप खनन • अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा विश्वसनीय काम
अशोका पार्क के सामने, धरमपुरा नं.-01,
जगदलपुर, बस्तर छ.ग.संपर्क- 9424281993,
6260039997, 9752507112


25 DEC
आप सभी को परस्पर
प्रेम, सौहार्द और
भाईचारे का पवित्र त्योहार
क्रिसमस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
नवनीत चाँद
मुख्य संयोजक -बस्तर मुक्ति मोर्चा
संभाग अध्यक्ष जनता कांग्रेस छ.ग.(जे)


विद्या ज्योति स्कूल परिवार
की ओर से क्रिसमस एवं नववर्ष की
हार्दिक शुभकामनाएं
WISHING YOU
MERRY
Christmas
AND HAPPY
New Year
VIDYA JYOTI Sr. Sec. SCHOOL
Danteshwari Ward 20, Geedam Road, Jagdalpur
Ph: 9826209021, vidyajyotijagdalpur.in
vidyajyotijdp@gmail.com


WISDOM
May the Christmas Season
bring only happiness and joy
to you and your family.
Merry Christmas
GYANODAYA HIGH SCHOOL
ADAWAL
GYANODAYA HIGH SCHOOL
Adawal, Jagdalpur, Dist. Bastar C.G. Ph: 0778226916


क्राईस्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Recognized by Indian Nursing Council New Delhi.C G Nursing Council, Raipur. Approved by Govt. of Chhattisgarh,
Affiliated to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences and Ayush University
Merry Christmas
Happy New Year
Admission &
Registration Start
For Session 2026-27
B.Sc. NURSING
(4 YEAR DEGREE COURSE)
जयपुर रोड, नकटी सेमरा, स्टेशन रोड, ग्राम- नकटी सेमरा,
आड़ावाल, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)
9201447898, 9179128591, 9827946906


Merry
Christmas
& HAPPY NEW YEAR
Wishing you a season of blessing &
a lifetime of grace have
a joyous holiday!
Plus Construction
Engineers, Consultants & Contractors
Shanti Nagar Ward, Jagdalpur. 9479094212


आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता
ANNIVERSARY CELEBRATIONS
1St ANNIVERSARY
ओम हॉस्पिटल
प्रतापदेव वार्ड नं.-11, हाता ग्राउंड के सामने, जगदलपुर
संपर्क- 91317 53200, 84359 08123
जगदलपुर में आपके स्नेह और विश्वास के एक वर्ष पूर्ण
प्रथम वर्ष की उपलब्धियां-
महानगरीय सुविधाओं से लैस आपरेशन थ्रियेटर में लगभग 230 सफल आपरेशन
सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल में 3200 से अधिक ओपीडी पेशेंट को मिला चिकित्सकीय परामर्श
हॉस्पिटल से 1080 मरीज अब तक सफलतापूर्वक ईलाज करवाकर डिस्चार्ज
जटील से जटील रोगों के पेशेंट का सफलतापूर्वक उपचार संपन्न
ज्यादा से ज्यादा मरीजों को शासकीय योजनाओं से इलाज का लाभ
बच्चेदानी का बिना चिरा फाड़ के सफल आपरेशन कर लौटाई मुस्कान
हरिभूमि 24वां स्थापना दिवस
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निःशुल्क ओपीडी
25 दिसंबर-31 दिसंबर तक
सभा जाँच में 10% की छूट
उपलब्ध चिकित्सक
डॉ. चंद्रमुकेश धावड़े
मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
MBBS, MS, MCH (Neuro Surgeon) JIPMER
Ex Consultant SNHRC Vellore
डॉ. आदित्य कौशिक
हड्डी रोग विशेषज्ञ
MBBS. DNB orthopaedics
डॉ. भवानी भगत
स्त्री रोग विशेषज्ञ
MBBS., MS, OBS & Gynecologist
डॉ. के. सिंह
जनरल एवं प्लास्टिक सर्जन
MBBS, MS, FMAS, MCH Plastic Surgery
डॉ. मधुराधा राठौर
शिशु रोग विशेषज्ञ
MBBS, DNB PEDIATRICS
डॉ. रितु धौंधयाल
चर्म रोग विशेषज्ञ
MD, Dermatologist
डॉ. मेनका खरे
मेडिसिन विशेषज्ञ
M.D. General Medicine
डॉ. अविनाश नेताम
मेडिसिन विशेषज्ञ
M.D. General Medicine
उपलब्ध सुविधाएं
एडवांस ट्रामा सेंटर
हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण
चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी
स्टेट ऑफ आर्ट बर्न यूनिट
मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
कैंसर रोग विभाग
मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग
जनरल एवं लेप्रोस्किोपिक सर्जरी
मेडिसिन विभाग
गहन चिकित्सा विभाग
पेट, लिवर एवं पैन्क्रियास रोग
पेट से संबंधित सभी बिमारियों का ईलाज
शिशु रोग बच्चों की हेल्थ
नवजात गहन चिकित्सा विभाग
स्त्री एवं प्रसूति विभाग
नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी
बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज
अत्याधुनिक के साथ ऑपरेशन थियेटर
इन हाऊस मेडिकल स्टोर्स
एडवांस पैथालॉजी यूनिट
डिजीटल एक्स-रे
ईसीजी
बी.पी. शुगर का ईलाज
ENT Available
24x7 आपातकालिन सुविधा
24x7 वेन्टी एम्बुलेंस सुविधा
मरीजों को निः शुल्क भोजन
ओम हॉस्पिटल
राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड से ईलाज की सुविधा
छत्तीसगढ़ एवं ओड़िसा
इंश्योरेंस एवं टी.पी.ए से कैशलेस इलाज

## खबर संक्षेप

### किसी भी वर्ग को डरने की जरूरत नहीं : दीपिका

**सुकमा।** जिले में आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को कमजोर करने की कोशिशों पर कड़ा संदेश देते हुए छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने स्पष्ट कहा है कि सुकमा शांतिप्रिय जिला है और यहां किसी भी वर्ग को डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने भ्रम फैलाने और भड़काऊ बयान देने वालों को "गंदी मानसिकता से बाहर निकलने" की नसीहत दी। विदित हो कि पड़ोसी राज्य मलकानगिरी में दो वर्गों के बीच बने तनावपूर्ण हालात के बीच सुकमा के एक नेता का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अन्य प्रदेशों से आए लोगों के खिलाफ स्थानीय लोगों को संबोधित किया गया है। इस वीडियो के कारण वर्षों से जिले में निवास कर रहे अन्य वर्गों के लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। इस पूरे मामले पर बिना किसी का नाम लिए दीपिका शोरी ने सख्त और संतुलित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कुछ लोग कानूनी जानकारी से वंचित हमारे भोले-भाले आदिवासी भाई-बहनों को भड़काने का प्रयास कर रहे हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सुकमा की पहचान आपसी प्रेम, सहयोग और भाईचारे से है, जहां वर्षों से आदिवासी समाज और अन्य प्रदेशों से आए लोग मित्रवत, सखा और पारिवारिक रिश्तों के साथ रहते आए हैं।



# जहां पहले खौफ और अंधेरा था, अब वहां पहुंची बिजली, ग्रामीणों में दिखी खुशी की लहर

## सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित 268 गांवों में विद्युत कंपनी ने किया विद्युतिकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लाल आतंक के अंधेरे को खत्म कर विकास की नई किरण जगा रहा है, जहां पहले खौफ और अंधेरा था, अब वहां बिजली पहुंच रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदल रही है। बस्तर संभाग अंतर्गत सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित 268 गांवों में बिजली पहुंचाने के सरकार के प्रयासों से ग्रामीणों में खुशी की लहर है, जहां दशकों बाद रोशनी पहुंची है। अंधेरे में डूबा यह क्षेत्र अब रोशनी से जगमगा उठा। शासन के नियद नेल्लानार योजना के तहत अब दूरदराज के इलाकों के घरों में भी बिजली की रोशनी दिख रही है, साथ ही बिजली कनेक्शन दिए जा रहे हैं। बिजली आने से शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में विकास के नए रास्ते खुल रहे हैं, जिससे ग्रामीण अपना भविष्य संवार रहे हैं।





### हर संभव बिजली बहाल करें

विद्युत कंपनी सुकमा जिले के कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव ने क्षेत्र के सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की बिजली बंद होने की शिकायत तत्काल स्थल में पहुंचे और हर संभव बिजली बहाल करें।

### ग्रामीणों में दिखा उत्साह

बिजली बहाल होते ही ग्रामीणों ने प्रशासन और सुरक्षा बलों का आभार जताया। लोगों ने कहा कि अब वे अन्य बुनियादी सुविधाओं जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा और पीने के पानी की मांग भी सरकार से करने लगे हैं। लंबे समय तक डर के साए में जीने वाले लोग अब उम्मीद की नई रोशनी देख रहे हैं।

## 14 वार्डों को मॉडल वार्ड के रूप में विकसित करने नगर निगम व सृष्टि प्राइवेट लिमिटेड की संयुक्त मुहिम

# इंदौर की तर्ज पर शहर को नंबर वन बनाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में इंदौर की तर्ज पर नंबर वन बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान में नगर निगम और सृष्टि प्राइवेट लिमिटेड संयुक्त रूप से काम करेंगे। दो महीनों से सृष्टि की टीम नगर निगम के सहयोग से शहर के चिन्हित वार्डों में घर-घर जाकर नागरिकों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखने के लिए समझाइश दे रही है। नागरिकों से अपने घरों में दो डस्टबिन रखने, कचरा डस्टबिन में ही डालने तथा नियमित रूप से आने वाली कचरा गाड़ी में ही कचरा देने की अपील की जा रही है।





स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए पहले चरण में शहर के 48 वार्डों में से 14 वार्डों को मॉडल वार्ड के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। इसके पश्चात शेष सभी वार्डों को भी चरणबद्ध तरीके से मॉडल वार्ड बनाया जाएगा।

आज सुबह वीर सावरकर वार्ड एवं भैरमदेव वार्ड में महापौर संजय पाण्डे अमले के साथ वस्तुस्थिति देखने पहुंचे। इस दौरान यह पाया गया कि अधिकांश घरों में गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग करके कचरा गाड़ी में दिया जा रहा है। जिन घरों में अभी कचरा पृथक्करण नहीं किया जा रहा है, उन्हें समझाइश दी गई। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि लगातार समझाने के बावजूद यदि कोई व्यक्ति कचरा अलग-अलग नहीं देता है, तो उसके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा लगातार नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। लोगों को समझाइश देने के साथ-साथ व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, सभी एमआईसी सदस्य, आयुक्त, पार्षदगण तथा अधिकारी-कर्मचारी शहर को स्वच्छ बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

### गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग दे रहे लोग

वीर सावरकर वार्ड में 472 परिवार निवासरत हैं, जिनमें से वर्तमान में 414 परिवार गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग करके कचरा गाड़ी में दे रहे हैं। इसी प्रकार अन्य वार्डों के लोग घरों का कचरा नुक्कड़ों में फेंकने के बजाय कचरा गाड़ी में दे रहे हैं।

### नागरिक कर रहे सहयोग

नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। गीला एवं सूखा कचरा पृथक्करण स्वच्छता की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। नागरिकों के सहयोग से ही यह अभियान सफल होगा। मॉडल वार्ड की अवधारणा के माध्यम से हम पूरे शहर में स्वच्छता की एक मिसाल कायम करना चाहते हैं, ताकि आने वाले समय में जगदलपुर स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी शहरों की श्रेणी में शामिल हो सके।

## समग्र बस्तर शोधार्थियों के लिए बहुपयोगी : शर्मा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वरिष्ठ साहित्यकार रुद्र नारायण पाणिग्रही द्वारा लिखित पुस्तक समग्र बस्तर के विषय में शशांक शर्मा ने कहा कि यह पुस्तक बस्तर को जानने समझने वालों के लिए तथा शोधार्थियों के लिए महत्वपूर्ण होगी। इस पुस्तक में बस्तर की इतिहास, कला, पुरातत्व, राजवंश, पर्यटन, पर्व, संस्कृति, बोली-भाषा व्याकरण, शब्दकोश आदि विषयों को समाहित किया गया है ।

## बालिकाओं से दुष्कर्म व छेड़छाड़ के दो अभियुक्त को कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में नाबालिग किशोरियों से दुष्कर्म के मामले मे एफटीसी ने अभियुक्तों मंजीत कश्यप एवं दूसरे मामले में बैदूराम कश्यप को आईपीसी और पोक्सो एक्ट के तहत कारावास तथा अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक वरूणा मिश्रा ने शासन की ओर से पैरवी की।

- छेड़खानी के आरोपित को 3 माह व दुष्कर्म के अभियुक्त को 20 साल की सजा

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 मई 2023 को पीड़िता अपने बुआ के घर आई हुई थी। तामाकोनी चौक के पास वह रिश्ते में अपने भाई के साथ स्कूटी में सवार होकर कहीं जा रही थी। इस दौरान वहां मौजूद मंजीत कश्यप ने किशोरी पर भद्दा कमेंट पास किया। उसके भाई की ओर से इसका विरोध करने पर मंजीत कश्यप निवासी आसना, समेत वहां मौजूद अन्य विनोद, बलराम कश्यप निवासी भडिसगुड़ा, अमर कश्यप निवासी हाटपदमूर व भुनेश्वर बघेल निवासी हाटपदमूर ने स्कूटी से दोनों को नीचे खींच लिया। युवक से मारपीट किया गया। वहीं किशोरी से सार्वजनिक रूप से अश्लील हरकत की गई। घटना के बाद वहां मौजूद वरिष्ठ ग्रामीण ने बीच-बचाव का प्रयास किया। मामले की रिपोर्ट पर परपा थाने में आरोपितों पर पोक्सो समेत विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चालान कोर्ट में पेश किया गया था। मामले में विचारण करते एफटीसी की विशेष न्यायाधीश संगीता नवीन तिवारी ने अभियुक्त के अधिवक्ताओं का पक्ष सुनने के उपरांत आरोपितों को दोषी ठहराते पोक्सो एक्ट के तहत तीन वर्ष के कारावास व जुर्माने की सजा से दंडित किया। दूसरे प्रकरण में 30 मई 2023 को बस्तर जनपद के ग्राम ईच्छापुर क्षेत्र की नाबालिग किशोरी को आरोपित बैदूराम निवासी जिला दंतेवाड़ा बहला फुसलाकर कारली दंतेवाड़ा ले गया था, जहां एक डामर प्लांट में किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से उसे छुड़ाकर स्वजनों के सुपूर्द किया। प्रकरण की सुनवाई करते कोर्ट ने अभियुक्त बैदूराम को पोक्सो एक्ट के तहत 20 साल की सजा सुनाई। वहीं आईपीसी की अन्य धाराओं के तहत भी सजा व अर्थदंड से दंडित किया।

# बंद के दौरान कुछ जगह विवाद और धमकी के साथ तोड़फोड़ भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बंद के दौरान शहर के कुछ ईलाकों में विवाद की स्थिति नजर आई। जहां दुकान खुली देख कुछ युवाओं ने धमकाते हुए सामानों को नुकसान भी पहुंचाया। शहर के मेन रोड में त्यौहार में ग्राहकी को लेकर इक्का दुक्का दुकान खुले रहे। शहर घुम रहे युवाओं ने दुकानें खुली देख आपे से बाहर हुए। विवाद की स्थिती भी उत्पन्न हुई।

- मेन रोड, रमैय्या वार्ड और विशाल मेगा मार्ट में रैली में शामिल कुछ लोगों का रवैया आपत्तिजनक





गौरव लॉज के सामने भी दुकान बंद कराते समय शटर पर लात मारने का वीडियों भी सोशल मीडिया में लोग डालते रहे। धरमपुरा रोड स्थित वर्गिस विंग्स युवाओं की रैली पहुंची। भीड़ में मौजूद कुछ युवकों ने वहां क्रिसमस के लिए की गई साज सज्जा को नुकसान पहुंचाया और सांता क्लॉज के स्टेच्यू को गिरा दिया। दरअसल कल क्रिसमस के त्यौहार के कारण परिसर में आकर्षक साज सज्जा की गई थी। यहां वर्गिस विंग्स एक रेसिडेंशियल के साथ कामर्शियल अपार्टमेंट भी है। जिसके मालिक इंजीनियर वर्गिस का इसी परिसर में ऑफिस है और विंग्स के प्रथम तल पर विशाल मेगा मार्ट स्थित है। बंद के मद्देनजर आज दोनों ही प्रतिष्ठान ग्राहकों के लिए बंद थे। विशाल मेगा मार्ट के कर्मचारी प्रथम तल पर अपने दैनिक कार्य निपटा रहे थे। भीड़ ने प्रथम तल पर जाके काफी शोर शराबा किया। संचालक के अनुसार गंदी गंदी गालियां भी दी गई। विंग्स के मैनेजर ने बताया कि रैली में काफी संख्या में लोग थे जो लगातार धार्मिक नारे लगा रहे थे। उन्होंने परिसर में मौजूद सामानों को नुकसान भी पहुंचाया है जो सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुआ है। फिलहाल भीड़ के इस तरह के व्यवहार से प्रतिष्ठान के लोग आहत हुए और नुकसान की शिकायत पुलिस प्रशासन से करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी धर्म का सम्मान करते है लेकिन बंद की आड़ में इस तरह से किसी के धार्मिक भावनाओं को आहत करना उचित नहीं है।

## राजूर एजेंसी में गैस टंकी की किल्लत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

तोकापाल ब्लाक के राजूर इंडियन गैस एजेंसी में गैस टंकी की भारी किलत है। पिछले 10 दिसम्बर को गाड़ी आई थी अब 22 तारिख तक गैस टंकी आ रही है पर लोगों को नहीं मिल रही है। ऐसे में उज्वल्ला गैस योजना को हर घर तक कैसे पंहुचायेंगे जब ब्लॉक मुख्यालय होने के बाद भी भाजपा के विधायक व सासंद के रहते सुविधा नहीं मिल पा रही है। फूड विभाग भी इसकी जांच नहीं कर रहा है गांव के बीचो बीच सुरक्षा को लेकर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। यहां एजेंसी में लोगों को गैस टंकी नहीं मिलती। वही इनकी सब एजेंसी के नाम से भढ़सि गांव में लोगों का पासबुक जमा कर काला बाजारी हो रहा है।

- त्यौहार के समय लकड़ी जलाने की नौबत

## भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ भगवान अयप्पा स्वामी का महापड़ी पूजा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

नगर में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला जब भगवान अयप्पा स्वामी की महापड़ी पूजा का आयोजन अत्यंत भक्ति भाव एवं विधि-विधान के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर पुण्य लाभ के सहभागी बने।

समस्त भक्तगणों के सहयोग से आयोजित इस महापड़ी पूजा महोत्सव में वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। नगर भ्रमण के साथ देवी-देवताओं की मूर्तियों का स्वागत किया गया। वहीं शिव मंदिर प्रांगण में पूजा-अर्चना के दौरान भजन-कीर्तन एवं मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र गूंजायमान रहा।





महापड़ी पूजा का शुभारंभ सायंकाल निर्धारित समय पर हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान अयप्पा स्वामी से सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की। पूजा उपरांत समस्त भक्तों को तीर्थ प्रसाद एवं अल्पाहार का वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में अयप्पा सेवा समिति भोपालपटनम, पुजारीगण एवं समस्त नगरवासियों का सराहनीय योगदान रहा। भक्तों ने इस भव्य आयोजन की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजनों की निरंतरता की कामना की।

पूरे आयोजन ने नगर में धार्मिक सौहार्द, आस्था और सामूहिक सहभागिता का सुंदर संदेश दिया।

## कार्यालयीन कर्मी की समस्याओं व लंबित मांगों पर की चर्चा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी कार्यालय कर्मचारी संघ के तत्वावधान में कांकेर वृत्त के अधीक्षण अभियंता हेमंत सूर्यवंशी के साथ एक औपचारिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संघ द्वारा पूर्व में प्रस्तुत पत्र के आधार पर आयोजित की गई, जिसमें कार्यालयीन कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं एवं लंबित मांगों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई। संघ के अध्यक्ष गगन राज हिरवानी, महामंत्री धर्मेंद्र कुमार देवांगन, उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष योगेंद्र कश्यप सहित संघ के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई। संघ द्वारा कर्मचारियों से संबंधित प्रमुख मुद्दों जैसे कार्यालयीन मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती, स्थानांतरण एवं पदस्थापना से जुड़ी समस्याएं, कर्मचारियों का अनाधिकृत अधिकारी द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश, वार्षिक गोपनीय चरित्रावली, अनुकंपा नियुक्ति एवं नियमितीकरण, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं मेडिकल कैंप, कार्यभार के अनुपात में संसाधनों की उपलब्धता, व्हाट्सएप, डिजिटल माध्यमों से कार्य लेने की प्रक्रिया में स्पष्ट दिशा-निर्देश आदि विषयों को विस्तार से रखा गया।



अधीक्षण अभियंता द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं यथासंभव निराकरण हेतु सकारात्मक आश्वासन दिया गया। बैठक में आपसी संवाद, सहयोग एवं समन्वय के माध्यम से समस्याओं के समाधान पर सहमति बनी। संघ ने आशा व्यक्त की कि चर्चा के उपरांत कर्मचारियों से जुड़ी जायज मांगों पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, जिससे कार्यस्थलों पर बेहतर वातावरण एवं कार्यकुशलता में वृद्धि होगी।

# पेसा कानून ही पारंपरिक व्यवस्था का असली संरक्षक : हरीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

आदिवासी समाज की परंपरा, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा का सबसे सशक्त माध्यम पेसा कानून है। यह बात जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरीश कवासी ने बुधवार को सोनाकुकानार में आयोजित पेसा दिवस कार्यक्रम के दौरान कही। कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और पेसा कानून को लेकर जागरूक हुए।

- सोनाकुकानार में कांग्रेस ने मनाया पेसा दिवस, ग्रामीणों को अधिकारों के प्रति किया जागरूक




कार्यक्रम में बताया गया कि 24 दिसंबर 1996 को पेसा कानून लागू हुआ था। इसी उपलक्ष्य में जिले के अलग–अलग क्षेत्रों में पेसा दिवस मनाया गया। सोनाकुकानार में आयोजित कार्यक्रम में पेसा कानून के जानकारों ने ग्रामीणों को इसके प्रावधानों और अधिकारों की जानकारी दी। इस दौरान ग्रामीणों को पेसा कानून की पुस्तकों का वितरण भी किया गया, ताकि वे अपने अधिकारों को बेहतर ढंग से समझ सकें।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि "हमारे पूर्वज जिस पारंपरिक व्यवस्था का पालन करते आए हैं, उसे संरक्षण देने का काम पेसा कानून करता है। यह कानून ग्राम सभा को ताकतवर बनाता है। जरूरत सिर्फ इसके सही और ईमानदार क्रियान्वयन की है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को अपने अधिकारों के प्रति सजग और जागरूक होना होगा, तभी पेसा कानून की असली ताकत सामने आएगी।

पेसा कानून के विशेषज्ञों ने भी कार्यक्रम में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण, भूमि अधिग्रहण, विकास परियोजनाओं की अनुमति, यहां तक कि छोटे–मोटे विवादों का निपटारा और विकास योजनाओं की निगरानी का अधिकार भी ग्राम सभा के पास है। पेसा कानून आदिवासी स्वशासन की मजबूत नींव है, बस इसे समझने और लागू करने की जरूरत है। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने पेसा कानून को लेकर चर्चा की और इसे अपनी पहचान व अधिकारों की रक्षा के लिए जरूरी बताया।

**न्यायालय तहसीलदार, एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. / ब-121/2025-26

**// उद्घोषणा पत्र //**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रेमलता विश्वकर्मा पिता स्व. फूलसिंह विश्वकर्मा जाति लोहार निवासी रमैया वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अपने पिता स्व. फूलसिंह विश्वकर्मा पिता स्व. प्राणसिंह विश्वकर्मा निवासी रमैया वार्ड जगदलपुर का मृत्यु दिनांक 28/12/1996 को निवास स्थान शहर निवासी रमैया वार्ड जगदलपुर में हुआ है आवेदिका किसी कारण से अपने पिता का मृत्यु तिथि 28/12/1996 को मुख्य नगर पालिक अधिकारी जगदलपुर/उप पंजीयक ग्राम पंचायत जगदलपुर के अभिलेख में दर्ज नहीं करा पायी थी। वर्तमान में आवेदिका को अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है उक्त संबंध में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सरपंच/पार्षद का प्रमाण पत्र, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह अपनी आपत्ति न्यायालय में सुनवाई तिथि 31/12/2025 तक स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई अथवा विचार नहीं की जावेगी।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 17.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार (नजूल)
जगदलपुर


MERRY CHRISTMAS
HAPPY NEW YEAR
2025
मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले
प्रभु ईसा मसीह के जन्मदिवस
क्रिसमस
की हार्दिक शुभकामनाएं
याकूब जॉन
केटरिंग सर्विस
नयामुण्डा मिशन स्कूल के पास, जगदलपुर
मोबाइल: 9424270485


क्रिसमस प्रेम, दया और खुशियाँ
बाँटने का पर्व है।
प्रभु यीशु का आशीर्वाद आपके घर
को सुकून और आनंद दे। आपको
और आपके परिवार को
क्रिसमस की
हार्दिक शुभकामनाएँ!
श्रीमती नील प्रभा हेनरी
प्रोप. ग्रेस फ्यूल्स, बचेली


क्रिसमस एवं नये साल की
हार्दिक शुभकामनाएं
We strongly uphold the belief that Lord Jesus Christ is our Savior and we are extremely thankful to the Almighty for all the blessings he has been showering on our construction site. On this very special festive occasion of remembrand of his birth.
We wish you and your family a very
HAPPY CHRISTMAS.
May your Christmas sparkle with moments of love, laughter and goodwill and the year ahead be full of contentment and joy!
Best Wishes From
VARGHESE BUILDERS
ENGINEERS & COLONISERS (REGD.)
9691138954, 9826365392
VISHAL MEGA MART
at VARGHESE WINGS
MAHAVEER HAIR SOLUTION
at VARGHESE WINGS
Let's Enjoy
URBAN AFFAIRS
at VARGHESE WINGS
CELEBRITY LIFE FAMILY SALON
at VARGHESE WINGS


24X7 Casualty
CT SCAN AVAILABLE
Facilities
• 24 Hour Pharmacy
• Ambulance Service
• Ayushman Bharat
• Blood Centre
• Cath Lab
• C-arm
• C.T. Scan
• Dental Care
• Dialysis
• Digital X-Ray
• ECG
• ECHO
• Fully Computerized Lab
• Laparoscopy Surgery
• MICU
• Modular OT Complex
• NICU
• Physiotherapy
• Private Room Ac/Non-AC
• Suite Rooms
• Ultra Sound
HAPPY NEW YEAR 2026
MPM BLOOD CENTRE
LICENCE NO. CG/28-C-104/2023
JAGDALPUR (C.G.)
A Unit Of Shanti Service Society
Wish you Merry Christmas
&
Happy New Year
To Live the Life in Its Fullness
MPM HOSPITAL
Run by Shanti Service Society
Aghanpur, Jagdalpur Chhattisgarh 494001, Contact : (07782) 229030, 8109229030
Web : www.mpmhospitaljagdalpur.com, E-mail: mpmhospital@gmail.com